DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट (DCSD) परिवार का अभिवादन,

मुझे उम्मीद है कि आप सभी का सप्ताहांत सुरक्षित और खुशियों से भरा बीता होगा। इस असामान्य समय के दौरान हमारे विद्यार्थियों, शिक्षकों और व्यवस्थापकों द्वारा की जाने वाली प्रगति हमारे लिए खुशी की बात है। मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि 2021 की क्लास के लिए डिस्ट्रिक्ट की चार-वर्षीय स्नातक दर में महामारी के दौरान अप्रभावित रही है।

2021 स्कूल वर्ष में लगातार चौथे वर्ष एशियाई/प्रशांत महासागर द्वीप मूल के विद्यार्थियों, अंग्रेज़ी के विद्यार्थियों और विकलांगता उप-समूहों से संबंधित विद्यार्थियों ने डिस्ट्रिक्ट में अच्छा प्रदर्शन किया है। सबसे अच्छा प्रदर्शन Towers और Clarkston स्कूलों ने किया है। सामान्य परिस्थितियों के तहत, स्कूल की स्नातक दर में वृद्धि करना कोई आसान बात नहीं होती है।

महामारी और शिक्षा की लगातार दूरस्थ व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए हम अपने विद्यार्थियों, परिवारों, शिक्षकों और स्कूल व्यवस्थापकों की उनके प्रयासों के लिए सराहना करते हैं। प्रतिकूल परिस्थिति के बावजूद Towers हाई स्कूल और Clarkston हाई स्कूल की स्नातक दरों में हुई जबरदस्त वृद्धि अपने आप में शानदार उपलब्धि है। हम दोनों स्कूलों और उनके समुदायों की प्रशंसा करते हैं और उन्हें बधाई देते हैं!

## टाइटल 1 सम्मानित स्कूल

मैं हमारे उन सात स्कूलों की भी पहचान बताना चाहती हूँ जिन्हें FY21 टाइटल 1 सम्मानित स्कूलों की सूची में शामिल किया गया है। Chesnut एलीमेंटरी स्कूल, Fernbank एलीमेंटरी स्कूल, Livsey एलीमेंटरी स्कूल, Smoke Rise एलीमेंटरी स्कूल, Wadsworth मैगनेट एलीमेंटरी स्कूल, Wynbrooke एलीमेंटरी स्कूल और DeKalb अर्ली कॉलेज एकेडमी Georgia शिक्षा विभाग द्वारा एकल 2019 कॉलेज एंड करियर रेडी परफ़ॉर्मेंस इंडेक्स (CCRPI) के आधार पर Georgia स्कूलों के शीर्ष पाँच प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करते हैं।

मुझे इन स्कूलों के विद्यार्थियों, शिक्षकों और व्यवस्थापकों के ऊपर गर्व है, और मैं हमारे सभी स्कूलों को आगे बढ़ने और तरक्की करने के लिए प्रोत्साहित करती हूँ!

## अमेरिकी समाचारों की रैंकिंग

मैं हमारे उन कई स्कूलों को भी बधाई देना चाहती हूँ जिन्हें हाल ही में अमेरिकी समाचारों द्वारा राज्य के बेहतरीन स्कूलों के तौर पर रैंक किया गया था। Kittredge मैगनेट स्कूल और Wadsworth मैगनेट स्कूल फॉर हाई अचीवर्स को राज्य में बेहतरीन एलीमेंटरी स्कूलों की रैंकिंग में क्रमशः नंबर एक और दो का स्थान मिला, जबकि Austin एलीमेंटरी स्कूल को नौवां स्थान मिला। DeKalb स्कूल ऑफ आर्ट्स ने भी मिडिल/हाई स्कूल की श्रेणी में Georgia में शीर्ष 10 बेहतरीन स्कूलों में से छठा स्थान हासिल किया। DeKalb अर्ली कॉलेज एकेडमी, Chamblee हाई स्कूल और Arabia Mountain हाई स्कूल को राज्य की हाई स्कूल रैंकिंग में क्रमशः 31वां, 39वां और 63वां स्थान मिला। एक अधीक्षक के तौर पर मुझे गर्व हो रहा है!

## व्यापक मास्टर प्लान टाउन हॉल

26 और 27 अक्तूबर को शाम 6 बजे से 7:30 बजे तक DCSD अपने अंतिम दो वर्चुअल व्यापक मास्टर प्लान (CMP) क्षेत्रीय टाउन हॉल बैठकों का आयोजन करेगी। DCSD की मास्टर प्लान प्रक्रिया में सभी स्कूल और प्रशासनिक सुविधाओं, साथ ही डिस्ट्रिक्ट के शैक्षिक मिशन

का समर्थन करने के लिए बुनियादी ढांचों का आकलन किया जाएगा। इस प्रक्रिया के तहत स्कूल सुविधाओं से संबंधित डेटा एकत्र किया जाता है जिसका उपयोग अगले शैक्षिक विशेष उद्देश्य स्थानीय विकल्प बिक्री कर (E-SPLOST) परियोजना सूची के लिए प्राथमिकताएँ बनाने में किया जाएगा। अधिक जानकारी पाने और शेड्यूल देखने के लिए कृपया यहां क्लिक करें।

इन टाउन हॉल के जरिए इनपुट और फ़ीडबैक देने का बस एकमात्र अवसर दिया जाएगा। मुझे आशा है कि CMP प्रक्रिया हमें हमारे बड़े हितधारक समूह के साथ निरंतर विश्वास और पारदर्शिता का निर्माण करने में मदद करेगी। हमारे यहां E-SPLOST IV और V परियोजनाओं के बीच सामंजस्य बैठाने का काम जारी है और हमें अपने समुदायों को हमारे नए पर्यवेक्षण और रिपोर्टिंग साधनों की जानकारी देते हुए बहुत खुशी हो रही है। E-SLOST परामर्श समिति की अगली बैठक का आयोजन बुधवार 27 अक्तूबर को शाम 7 बजे किया जाएगा। एक डिस्ट्रिक्ट के तौर पर हम आगे बढ़ते और तरक्की करते रहेंगे!

## होनहार विद्यार्थी

इस सप्ताह मैं इंटरनेशनल कम्यूनिटी स्कूल में पाँचवें ग्रेड में पढ़ने वाले विद्यार्थी Mali Ali के बारे में विशेष जानकारी देना चाहती हूँ। Mali का चयन सितंबर माह के वैश्विक नागरिक के तौर पर किया गया था। उनके स्कूल निदेशक ने Mali को खुले विचारों वाला विद्यार्थी बताया। चाहे किसी नए विद्यार्थी से सबसे पहले जा कर बात करना हो, अपने विचारों में परिवर्तन लाना हो या भविष्य की कक्षाओं से जुड़े हमारे प्रयासों के लिए सकारात्मक सोच बनाए रखना हो, Mali अपनी श्रेष्ठता का प्रदर्शन करने से नहीं चूकते। उन्हें कोई काम करने से भय नहीं लगता है और ऐसा उनके काम में दिखाई देता है। मुझे इस होनहार विद्यार्थी के बारे में विशेष रूप से बताते हुए बहुत गर्व महसूस हो रहा है!

## प्रगतिशील स्कूलों का गुट

Digital Promise की 10वीं सालगिरह मनाने के लिए Washington D.C. में पिछले सप्ताह फॉल 2021 प्रगतिशील स्कूलों का गुट हाइब्रिड आयोजन में शामिल होकर मुझे सम्मान महसूस हुआ। हाल ही में DCSD को प्रगतिशील स्कूलों का गुट, जो कि प्रगतिशील विचारों वाले K-12 स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स का एक राष्ट्रीय गठबंधन है उसमें शामिल किया गया। इसका आयोजन एक गैर-लाभकारी संगठन Digital Promise द्वारा किया गया जिसका मिशन शिक्षा में नवाचार को बढ़ावा देना और प्रौद्योगिकी और अनुसंधान के माध्यम से सभी के लिए शिक्षा के अवसरों को बेहतर बनाना है। देश के अन्य शिक्षाविदों और कांग्रेस सदस्य Hank Johnson से मुलाक़ात कर बहुत अच्छा लगा। कांग्रेस सदस्य Johnson DCSD के सच्चे हितैषी हैं और हम उनके समर्थन और अमेरिकी विधान सभा में इस डिस्ट्रिक्ट के लिए किए जाने वाले कार्यों की हम सराहना करते हैं।

## मान्यता समुदाय सर्वेक्षण

फ़िलहाल DCSD में मान्यता नवीकरण प्रक्रिया के ऊपर काम चल रहा है। इस प्रक्रिया के एक भाग के तहत हितधारकों से फीडबैक लिया जा रहा है। हम आपको आमंत्रित करते हैं कि आप परिवार व समुदाय हितधारक सर्वेक्षण में भाग लें। इस सर्वेक्षण के नतीजों और साथ में अन्य हितधारकों की राय का उपयोग डिस्ट्रिक्ट की मान्यता नवीनीकरण प्रक्रिया में किया जाएगा।

परिवार व समुदाय हितधारक सर्वेक्षण निम्नलिखित भाषाओं में उपलब्ध है: अम्हरी, अरबी, बंगाली, बर्मी, चीनी, अंग्रेज़ी, फ्रेंच, हिंदी, नेपाली, सोमाली, स्पैनिश, स्वाहिली, तेलगु, टिग्रिनिया और वियतनामी। यह सर्वेक्षण गोपनीय है और इसे पूरा करने में लगभग 10 मिनट का समय लगेगा। यह सर्वेक्षण निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है: https://survey.sogosurvey.com/r/eY7O00

**COVID-19 निगरानी परीक्षण और वैक्सीन**

विद्यार्थी स्वास्थ्य सेवा विभाग Georgia जन स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से हमारे डिस्ट्रिक्ट में निगरानी परीक्षण आरंभ करते हुए बहुत उत्साहित है! निगरानी परीक्षण COVID-19 का फैलना सीमित करने और स्कूलों को व्यक्तिगत शिक्षा के लिए खोले रखने का एक सुरक्षित, प्रभावी तरीका है। COVID-19 परीक्षण अनिवार्य नहीं है और इसकी पेशकश विद्यार्थियों, स्टाफ, परिवार के सदस्यों और हमारे समुदाय की रक्षा के लिए की जाती है। यह मुफ्त परीक्षण कार्यक्रम सभी के लिए उपलब्ध है, फिर चाहे आपका वैक्सीनेशन कोर्स पूरा क्यों ना हो चुका हो। साप्ताहिक परीक्षण कार्यक्रम में रुचि का पता लगाने के लिए, आपकी सहायता की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में भाग लेने की अपनी रुचि दिखाने के लिए कृपया यहाँ क्लिक कर COVID-19 निगरानी सर्वेक्षण को पूरा करें। प्रभावी योजना बनाने के लिए, यह सर्वेक्षण 27 अक्तूबर तक पूरा किया जाना चाहिए।

DCSD कर्मचारियों, विद्यार्थियों और समुदाय के लिए मासिक COVID-19 परीक्षण और वैक्सीनेशन क्लीनिक का आयोजन भी करने जा रहा है। सभी आयु वर्गों के लिए मुफ्त वैक्सीन और परीक्षण उपलब्ध कराए जाएंगे। अगला आयोजन शुक्रवार 29 अक्तूबर को सुबह 8:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक Administrative & Instructional Complex, 1701 Mountain Industrial Blvd, Stone Mountain, GA में आयोजित किया जाएगा। COVID-19 परीक्षण Doraville ट्रांसपोर्टेशन सेंटर, DCSD के परिवहन विभाग और Panthersville ट्रांसपोर्टेशन सेंटर में भी उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए www.freecovidtesting.us/dekalb पर जाएं।

कृपया डिस्ट्रिक्ट समाचार के ऊपर ताज़ा जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट और अपने स्कूल की वेबसाइट पर लगातार नज़र रखें। आपका सप्ताह शुभ हो!

भवदीय,

Mrs. Cheryl Watson-Harris